15- Dec -JASHPUR-BHOOMI-pg-1_Layout 1 12/15/2023 8:14 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 16 दिसंबर 2023
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 12.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

4 प्रधानमंत्री फसल बीमा प्रचार रथ की पुसौर में अगवानी



खबर संक्षेप

### एलिन खेस्स बनी पंडरीपानी की सरपंच



**फरसाबहार।** जशपुर जिले के विकासखंड फरसाबहार अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी के सरपंच त्रिलोक परहा के आकस्मिक निधन हो जाने से स्थानापन्न सरपंच के नियुक्ति के लिए पंचों के सरपंच चयन की कार्यवाही की गई। जिसमे दो प्रत्याशी श्रीमती कुँवर मती पैंकरा एवं श्रीमती एलिन खेस्स का नाम प्रस्तावित हुआ। मतदान कार्यवाही में श्रीमती कुँवर मती पैंकरा को 8 मत एवं श्रीमती एलिन खेस्स को 12 मत प्राप्त हुए। जिसमे 4 मतों से श्रीमती एलिन खेस्स को विजयी घोषित किया गया। स्थानापन्न सरपंच चयन कार्यवाही के दौरान अंश तिर्की, संजय कुजूर, अपोलिया एक्का, जंघा साय, प्रेमशीला पैंकरा, संतोष नायक, आशा गुप्ता, गंगी देवी, कुंवर मती पैंकरा, कौशल्या बाई, मारिया गौरेती, हरिकिशन, अजित कुमार, राजेश कुजूर, दीपक चौहान, एलिन खेस्स, सुनीता टोप्पो, दोमनिक मिंज, मेरिस्तेला मिंज एवं सुशीला यादव उपस्थित रहे।

### विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय विजयी



**जशपुरनगर।** सन्त गहिरा गुरु विश्विद्यालय अम्बिकापुर के तत्वावधान में सरगुजा संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15 दिसंबर को शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय जशपुर के द्वारा एस्ट्रो टर्फ हांकी स्टेडियम में किया गया। जिसमें सरगुजा परिक्षेत्र के 02 टीम ने भाग लिया जिसमे शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय विजेता रहा एवम शासकीय एनईएस पीजी महाविद्यालय उप विजेता रहा। कन्या महाविद्यालय ने मैच में शासकीय एनईएस महाविद्यालय जशपुर को 10-0 से हराया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय एनईएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय कुमार रक्षित ने अपने वक्तव्य में कहा हार जीत खेल का एक हिसा है, हार जीत से ज्यादा खेल में भाग लेना जरूरी है, खेल हमे अनुसाशन सीखता है, उन्होंने कन्या महाविद्यालय के छात्रों एवम प्रभारी प्राचार्य क्रीड़ा अधिकारी श्री एस केरकेट्टा कोच समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं दी।

### तहसीलदार ने उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** मनोरा के तहसीलदार राहुल कौशिक ने शुक्रवार उप स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। तहसीलदार कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ उपस्थिति की जानकारी ली एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। अनुपस्थित कर्मियों के बारे में बीएमओ को दिया गया है।

### गुरु घासीदास जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**जशपुरनगर।** राज्य शासन द्वारा 18 दिसम्बर 2023 को गुरु घासीदास जयंती को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी तरह कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने जशपुर जिले की सम्पूर्ण देशी, विदेशी मदिरा दुकानो को 18 दिसम्बर, 2023 गुरु घासीदास जयंती को अर्थात 17 दिसंबर 2023 की रात्रि 10.00 बजे से दिनांक 19 दिसंबर 2023 को दिन के 09 बजे तक पूर्णतः बन्द रखे जाने हेतु आदेशित किया है। साथ ही शासन के उक्त आदेश का कडाई से पालन सुनिश्चित करने की बात कही है।

## सोल्डर वर्क का काम अधूरा

# पीडब्ल्यूडी ने तैयार की मौत की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसाबहार

जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी के बाजार चौक से तामामुण्डा आने वाली सड़क जो चर्च रोड़ के नाम से जानी जाती है। इस सड़क पर पीडब्ल्यूडी विभाग के डामरीकरण कर दिया गया है। किंतु अर्दन साइड में मिट्टी मुरुम नही डाली गई है। साथ इसी सड़क पर पाइप डाल कर पुलिया के निर्माण किया गया है। किंतु मिट्टी मुरुम नही डाली गई है। जिसके कारण इस रास्ते मे दुर्घटनाओं की प्रबल संभावना बन गई हैं। यह सड़क मौत की सड़क है। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी अगर तत्काल सड़क एवं पुलिया के पास मिट्टी मुरुम नही डालते है। जल्द ही यह सड़क खूनी सड़क बन जाएगी। लोक निर्माण विभाग पत्थलगांव के अनुविभागीय अधिकारी एस के पैंकरा से जब हमने बात की तो उन्होंने कहा कि तत्काल सोल्डर वर्क किया जाएगा।





## तहसील परिसर में निर्माणाधीन अधिवक्ता कक्ष धराशायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसाबहार

जशपुर जिले के फरसाबहार तहसील कार्यालय परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने लिए अधिवक्ता कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की एजेंसी लोक निर्माण विभाग है। लोक निर्माण विभाग द्वारा अम्बिकापुर के ठेकेदार बारीक कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह कार्य ठेके पर दिया है। यह कार्य पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव यू डी मिंज की पहल पर स्वीकृत हुआ था, कार्य में गुणवत्ताहीन निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा था। जिसकी वजह से यह निर्माणाधीन भवन के एक तरफ की दीवाल का ऊपरी हिस्सा अचानक गिर गया। राहत की बात यह रही दीवाल का ऊपरी हिस्सा गिरने से कोई हताहत नही हुआ है।

■ घटिया निर्माण सामग्री एवं तकनीकी के कारण हुआ हादसा

अधिवक्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व विधायक यू डी मिंज के द्वारा 3 माह पूर्व भूमिपूजन किये जाने के बाद कक्ष का निर्माण शुरू किया गया था । तकरीबन डोर लेबल तक निर्माण पहुंचने के बाद 1 माह से ठेकेदार ने काम बंद कर दिया था। विदित हो कि लगभग साढ़े 5 लाख की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा अधिवक्ता कक्ष का निर्माण किया जा रहा था लेकिन डोर लेबल तक निर्माण पूरा होने से पहले बीती रात कक्ष का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया । अधिवक्ताओं ने बताया कि इस कक्ष की स्वीकृति पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के द्वारा प्रदान की गई थी और इस कक्ष का शिलान्यास पूर्व संसदीय सचिव यू डी मिंज ने किया था।

लोक निर्माण विभाग पत्थलगांव संभाग के अनुविभागीय अधिकारी संतोष पैंकरा ने बताया कि दरवाजे एवं खिड़की के लिए बनाए गए छज्जे से सेंटरिंग हटा दी गई थी और ऊपर ईंट जुड़ाई नही हुई थी जिसके कारण डोर लेबल के ऊपर का हिस्सा गिर गया। उसे पुनः निर्माण किया जाएगा।

## हितग्राहियों को व्हील चेयर श्रवण यंत्र एवं छड़ी वितरित



भूतपूर्व सैनिक को किया गया सम्मान।

**जशपुनगर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में शुक्रवार को भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में इस क्षेत्र में निवासरत 95 भूतपूर्व सैनिक एवं 50 वीर नारियों ने हिस्सा लिया। आयोजन में सम्मिलित सभी भूतपूर्व सैनिक एवं वीर नारियों को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन धमेन्द्र प्रताप सिंह (सेनि) द्वारा राज्य शासन एवं केन्द्र शासन की विभिन्न कल्याकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर उपस्थित थे। अपर कलेक्टर श्री ठाकुर ने जिले में निवासरत सभी भूतपूर्व सैनिक एवं वीर नारियों को संबोधित करते हुए बताया कि जिला प्रशासन सदैव आपके साथ है, अपनी समस्याओं को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के माध्यम से हम तक पहुचाये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर श्री ठाकुर द्वारा विभन्न हितग्राहियों को व्हील चेयर, श्रवण यंत्र एवं छडी वितरण किया।

## वंदना ने बढ़ाया जिले का मान

### नेशनल गेम्स में रजत पदक प्राप्त करने पर कलेक्टर ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है इस बात को उजागर करती है। बगीचा ब्लॉक की ग्राम बम्बा निवासी गोल्फ खिलाड़ी कुमारी वंदना मिंज पिता रामानुश मिंज जिन्होंने कम समय में ही जिले का नाम पूरे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। शुक्रवार को कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल से मिलकर कुमार वंदना मिंज ने अपनी उपलब्धियों को साझा किया।

कलेक्टर श्री मित्तल ने जिले का नाम पूरे देश भर में रौशन करने के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले की बेटी प्रदेश नहीं अपितु पूरे देश से बाहर जाकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा रही है। कुमारी वंदना मिंज ने बताया कि उन्होंने हाल ही में गोवा में 01 से 03 नवम्बर 2023 तक आयोजित नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स डबल इवेंट में तीन राउण्ड चले इस प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया है। जो कि जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उहोंने बताया कि विगत दिवस 13 से 15 अगस्त 2023 को थाईलैण्ड में आयोजित ओपन गोल्फ अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें उन्होंने भारत देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने विजेता बनी। कुमारी वंदना मिंज ने जिले के सभी बालिकाओं को भी प्रेरित करते हुए कहा कि खेल से न सिर्फ आप अपना शारीरिक विकास करते है, बल्कि यह हमें आत्म विश्वास भी देता है। जिससे हम हर क्षेत्र में अपने आप को बेहतर साबित करने में सक्षम होते है। उन्होंने जिले की बालिकाओं को भी किसी न किसी खेल से जुड़ने की बात कही। उक्त उपलब्धि हेतु जिले से सभी खेल प्रेमियों एवं कोच भूपेन्द्र कुमार प्रसाद ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।



वंदना को बधाई देते कलेक्टर।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन

**जशपुरनगर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जांजगीर चांपा जिले में 15 से 23 दिसंबर 2023 तक पुलिस लाईन, खोखरामांठा जांजगीर में अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस थल सेना भर्ती रैली के लिए अप्रैल 2023 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। सीईई में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन दिनांक 15 से 23 दिसंबर 2023 तक पुलिस लाईन, खोखराभांठा जांजगीर में किया जा रहा है। जशपुर जिले के सीईई में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन के लिए 19 दिसंबर को तिथि निर्धारित की गई है।

## एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने आज सामाजिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव का निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी। उन्हों ने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों की जानकारी ली और उपस्थित पंजीकरण किया। जिसमें सभी डॉक्टर उपस्थित पाए गए और दो कर्मचारी अवकाश पर थे। एसडीएम सुश्री त्रिपाठी ने सभी मरीज वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों की जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने बताया कि कुल 27 मरीज भर्ती हैं। 2 मरीजों की डायलिसिस चल रही थी।अब तक कुल 250 राउंड डायलिसिस पत्थलगांव में किया जा चुका है। एनआरसी केंद्र में 7 बच्चे भर्ती हैं। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान हमर लैब के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया और एक सप्ताह के अंदर कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोनोग्राफी के लिए महिलाओं की भीड़ ज्यादा होने के कारण शेड्यूल 2 से बढ़ा कर 3 दिन करने बाबत निर्देशित किया गया। इस दौरान इलेक्ट्रोफोरिसिस सही तरीके से काम करना पाया गया साथ ही सिकल सेल के मरीज लगातार पहचान हो रही है और सफाई कार्य भी अच्छे से हो रहा है।

■ हमर लैब के निर्माण कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने के निर्देश



### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 19 को

**जशपुरनगर।** रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर के द्वारा 19 दिसंबर 2023 को 697 पदों हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में सेफ इंटेलीजेंट सिक्योरिटी सर्विसेज भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा 650 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। जो केवल पुरुषों के लिए है। जिसके अंतर्गत सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर और लेबर के पद शामिल हैं। इसी प्रकार एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस पत्थलगांव के द्वारा 47 पद पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। इनमें लाइफ मित्र, डेवलपमेंट मैनेजर, टीम मैनेजर और सेल्स सपोर्ट के पद शामिल है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 19 दिसंबर 2023 को सुबह 11.00 बजे समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं।

## हितग्राही अब स्वयं बना सकते हैं अपने मोबाइल ऐप से आयुष्मान कार्ड

**जशपुरनगर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना एवं डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनातंर्गत अब आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कॉमन सर्विसेस सेटर, योजनांतर्गत पंजीयकृत निजी एवं शासकीय चिकित्सालयो का अब चकर काटने की आवश्कता नही हितग्राही स्वयं आपने मोबाई एप से अपने एवं परिवार का आयुष्मान कार्ड बना सकते है। मरीजो को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने आयुष्मान कार्ड सेवा को और भी अपग्रेड कर दिया हैं ।

पोर्टल या राशन कार्ड से संबंद्ध मोबाईल एप से लॉगिन कर वे अपना आयुष्मान कार्ड घर बैठे बना सकेंगें। केन्द्र सरकार ने इस योजना के लिए बनाए गए पोर्टल को अपग्रेड कर दिया है, इसके लिए पात्र हितग्राहियो को पहले अपने मोबाइल नंबर से वेबसाइट को खोलना होगा, आगे पात्रता होने पर दिए गए विकल्प अनुसार अपना आयुष्मान कार्ड या परिवार के नए सदस्यों का नाम जोड़ सकेंगे। केंद्र की बीपीएल परिवार के लिए 5 लाख रूपये तक इलाज की योजना एक ही सर्वर से ऑपरेट होती है इस वजह से हितग्राहियो के आयुष्मान कार्ड घर बैठे बन सकेंगे। जशपुर जिले में आयुष्मान हेतु पात्र हितग्राहियो की संख्या 90879 इनमें से 752274 हितग्राहियो के आयुष्मान कार्ड बन चुके है एवं आयुष्मान कार्ड जिले के कुल 14615 हितग्राहियो ने कुल 133418901 राशि का निःशुलक ईलाज प्राप्त किया हैं। जिला प्रभारी आयुष्मान भारत के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनोन के लिए आयुष्मान कार्ड निःशुल्क एवं स्वय आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज के संबंध में जानकारी प्रदाय किया गया है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेज में से राशन कार्ड, आधार कार्ड की जरूरत होती हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु सर्वप्रथम प्ले स्टोर से आयुष्मान ऐप व आधार फेस रेड ऐप डाउनलोड करना होगा। इसके बाद बेनेफिशरी विकल चुनना होग और अपना मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। इसके आगे स्टेट छत्तीसगढ़ राशन कार्ड विकल्प का ही चयन कर सर्च बाय फैमिली आईडी डिस्ट्रिक्ट में अपना जिला चुने और फैमिली आईडी राशन कार्ड दर्ज करें। इसके बाद परिवार के सदस्यों की जानकारी प्रदर्शित होगी, जिन सदस्यों का नाम हरा रंग में होगा। उनका आयुष्मान कार्ड बन चूका है एवं नि सदस्यों का नाम नारंगी रंग में होगा उनका कार्ड बनाना होगा उनके नाम के सामने डो-केवाईसी विकल्प पदर्शित होगा। आयुष्मान ऐप में लॉगिन पर जाकर ओटीपी डालकर लॉगिन करना है। डो-केवाईसी विकल्प पर चयन कर आगे आधार ऑथेंटिकेशन हेतु 4 विकल्प प्रदर्शित होगे।

### कलेक्टर ने वैज्ञानिक और देशी ज्ञान के पारस्परिक आदान-प्रदान पर दिया जोर

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्यमशीलता को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमिता बनाने और बढ़ावा देने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफ्टेम) द्वारा गांव गोद लेकर आवश्यक जानकारी एकत्र करने के कार्यक्रम के तहत छात्रों और (निफ्टेम) प्रबंधन की टीम इन दिनों जशपुर जिले के दौरे पर है।

इस दौरान टीम के संरक्षक, निफ्टेम कुंडली के डॉ.प्रसन्न कुमार जीव्ही ने कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के साथ विलेज एडाप्शन प्रोग्राम के उद्देश्यों और इसकी गतिविधियों पर चर्चा की। कलेक्टर डॉ.मित्तल ने निफ्टेम के प्रयासों की सराहना करते हुए जशपुर जिले में बड़ी मात्रा में उगाए जाने वाले जवाफूल चावल, महुआ फूल, मिलेट, कोदो, कुटकी, कटहल, काजू, इमली और नाशपाती के प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि निफ्टेम कुंडली की वीएपी गतिविधियां जशपुर जिले के छात्रों और किसानों, खाद्य प्रसंस्करण पेशेवरों, एफपीओ, एफपीसी, सहकारी समितियों, एसएचजी के लिए वैज्ञानिक और देशी ज्ञान के पारस्परिक आदान-प्रदान के लिए एक परस्पर सीखने का सक्षम माहौल बनाएगी और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्यमशीलता को बढ़ावा देगी। बेहतर आय सृजन के लिए डॉ.प्रसन्ना ने समर्थ जैन (जय जंगल फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी) के साथ मंथन फूड लैब (जिला प्रशासन की एक पहल) और अन्य प्रसंस्करण केंद्रों का दौरा किया और जिले में चल रही विभिन्न प्रसंस्करण गतिविधियों के बारे में जानकारी एकत्र की और समस्याओं के क्षेत्रों पर चर्चा की। गौरतलब है कि विलेज एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत (निफ्टेम) कुंडली के फैकल्टी मेंटर के साथ 9 बी.टेक छात्रों की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, खाद्य संरक्षण और कटौती के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों के प्रसार पर विशेष ध्यान केन्द्रित करेगी। जशपुर जिले में यह टीम 13 से 21 दिसम्बर तक ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा करेगी। इस कड़ी में टीम द्वारा एमओएफपीआई (खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय), सरकार की पीएमएफएमई (प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों की औपचारिकता) योजना से भारत के किसानों, खाद्य प्रसंस्करण पेशेवरों, एफपीओ, एफपीसी, सहकारी समितियों और स्व-सहायता समूहों को योजना के संबंध में जानकारी देने के साथ उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस दौरान युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन उपस्थित थे।



कलेक्टर से बातचीत करते वैज्ञानिक समर्थ जैन।

## एसडीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ली बैठक



**पत्थलगांव।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने आज पत्थलगांव के जनपद पंचायत सभा कक्ष में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जनपद सीईओ, ब्लॉक योजनाओं के अधिकारी और सभी पंचायत सचिवों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए अधिकारियों को अवगत कराया कि स्वागत, संकल्प समिति का गठन किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु स्थानीय स्कूल के प्राचार्य से संपर्क करने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को ऑनलाइन में नियमित एंट्री करने के साथ ही अधिक से अधिक जन प्रतिनिधि और जनता को शामिल करने के विषय में निर्देशित किया गया।

## खबर संक्षेप

### 111 हेक्टेयर भूमि शासकीय मद में हस्तांतरित

**अंबिकापुर।** शासकीय भूमि को कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से निजी मद में दर्ज कराने के मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। जन चौपाल में कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद जांच उपरान्त यह कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि जन चौपाल में विकासखंड सीतापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत उरंगा व बरिमा के सरपंच व अन्य ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि मैनपाट के ग्राम कंडराजा, बरिमा, नर्मदापुर की शासकीय भूमि को कुछ लोगों द्वारा निजी मद में दर्ज करा लिया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सीतापुर द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। एसडीएम ने बताया कि पंचायत उरंगा के आश्रित ग्राम कण्डराजा के कुल 48 प्रकरणों में विधिवत समस्त दस्तावेजों का जांच कर इश्तहार का प्रकाशन एवं नोटिस तामील कराया गया। अनावेदकों को दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित समय सीमा दी गई थी। समय उपरांत भी उनके द्वारा कोई विधिवत दस्तावेज अथवा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके फलस्वरूप ग्राम कण्डराजा के कुल 48 अनावेदकों के कुल खसरा 70 कुल रकबा 111.488 हेक्टेयर भूमि को अनावेदकों द्वारा उचित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने के फलस्वरूप शासकीय मद में हस्तांतरित किया गया।

### करंजी- बिश्रामपुर रेलवे फाटक तीन दिनों तक रहेगा बाधित

**बिश्रामपुर।** भटगांव-बिश्रामपुर मार्ग पर स्थित करंजी बिश्रामपुर रेलवे फाटक क्रमांक एबी 69 में आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाने के कारण आगामी 18 से 20 दिसंबर तक बाधित रहेगा।रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ बैकुंठपुर ने एसडीएम सूरजपुर को पत्र प्रेषित कर उक्ताशय की जानकारी दी है। एसडीएम को लिखे पत्र में सीनियर सेक्शन इंजीनियर ने उल्लेख किया है कि करंजी बिश्रामपुर रेल फाटक स्थित रेल पथ पर अनुरक्षण कार्य संरक्षा एवं सुरक्षा नियमों के तहत कराया जाना सुनिश्चित किया गया है,जिस कारण आगामी 18 दिसंबर से 20 दिसंबर तक तीन दिनों के लिए सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक उक्त भटगांव बिश्रामपुर मार्ग यातायात हेतु बंद रहेगा।इस दौरान परिवर्तित मार्ग दतिमा खरसूरा रामनगर होते हुए लोग आवागमन करेंगे।

### जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ग्रामीण अलाव जलाकर ठंड से बचने का सहारा ले रहे है। इस वर्ष रमकोला जैसे घने जंगल के बीच बसे भेलकछ ग्राम में बहुत तेज हवा के साथ अत्यंत ठंड है। ठंड के बढ़ने पर आज शिक्षिका व समाज सेविका प्रतिमा सिंह ने प्रतापपुर के पूर्व बीएमओ स्व. डॉ. नरेंद्र सिंह की स्मृति में आदिवासी जनजाति बाहुल्य ग्राम भेलकछ में 60 परिवारों को सहित जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं छोटे बच्चों को चॉकलेट वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने कमाई का कुछ अंश जरूरतमंद लोगों के सहयोग में लगाना चाहिए। आप भी सहयोग का हाथ बढ़ाए सच में किसी की मदद करके उनके चेहरे पर आई मुस्कुराहट देखकर बहुत सुकून मिलता है। स्व. डॉ. नरेंद्र सिंह के शासकीय चिकित्सा सेवा की शुरुआत घुई रमकोला से हुई थी।

### जमीन विवाद पर ग्रामीण को दिया धक्का, गिरा कुंआ में

**अंबिकापुर।** जमीन विवाद को लेकर ग्रामीण व उसके पुत्र के साथ मारपीट करने और धक्का देकर कुंआ में गिराने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बलरामपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम सरनाडीह मोंगलियाटांड निवासी प्रमोद सिंह आ. स्व. रामधनी सिंह की ग्राम सरनाडीह में पट्टा की भूमि है। उक्त भूमि पर गांव के संतोष सिंह, अजय सिंह व सुरेश सिंह द्वारा अपना अधिकार बताया जाता था और इस बात को लेकर आए दिन विवाद होता था। 12 दिसंबर को जमीन की नपाई करने के लिए आरआई व कोटवार मौके पर पहुंचे थे। मौका जांच एक बाद आरआई द्वारा दोनों पक्षों के जमीन की सीमा का निर्धारण कर दिया गया था लेकिन इस दौरान संतोष सिंह, अजय सिंह व सुरेश सिंह द्वारा निर्णय से नाराज होकर दोपहर लगभग 2 बजे प्रमोद सिंह के साथ गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए कुदाल लहराना शुरू कर दिया गया। कुदाल से ग्रामीण के पुत्र सुदर्शन के पैर में चोट लग गई।

## शिकार के लिए धड़ल्ले से जंगल में लगा रहे करंट का फंदा

# वन्य जीवों के शिकार की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे अंतराल के बाद वन क्षेत्रों में वन्य जीवों के शिकार के लिए करंट का फंदा लगाने की घटनाओं में वृद्धि होने के कारण वन विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर से सवाल उठने लगे हैं। करंट के फंदे से वन्य जीवों की तो मौत हो ही रही है मानव भी सुरक्षित नहीं है। इस तरह की गतिविधियों पर रोक लगाने कारगर पहल नहीं हुई तो भविष्य में यह वन्य जीवों के साथ ही जन जीवन के लिए बड़ी चुनौती खड़ा कर सकता है।

**खास बात**

- वन्य जीवों के साथ ग्रामीण हो रहे शिकार

लम्बे अंतराल के बाद सरगुजा में एक बार फिर वन्य जीवों के शिकार की घटनाएं बढ़ गई है। शिकारी बेखौफ होकर वनों में करंट का फंदा लगा रहे हैं जिसमें फंसकर अपनी जान गंवा रहे हैं। एक साल पूर्व तक इस तरह की घटनाएं आए दिन सामने आती थी। करंट से लगातार हाथियों की मौत होने के बाद वन अधिकारियों ने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर संभावित रणनीति बनाकर सख्तीपूर्वक उसका क्रियान्वयन किया था। इस पहल के बाद वन्य जीवों के शिकार के लिए जंगल में करंट का फंदा लगाने एवं हाथियों से फसल की सुरक्षा के लिए करंट का बाड़ लगाने की गतिविधियां पूरी तरह से रूक गई थी। तब विभाग ने दशकों पूर्व दूरस्थ क्षेत्रों में लगाई गई कम ऊंचाई की विद्युत लाइन की ऊंचाई बढ़ाने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। दोनों विभाग के कर्मचारियों ने आपसी समन्वय से ऐसे क्षेत्रों का चिन्हांकन किया था। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अभियान चलाकर पुरानी विद्युत लाइन की ऊंचाई बढ़ाई गई, जिससे करंट से होने वाली हाथियों की मौत की घटनाएं थम गई। वन अमले ने फसल की सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर करंट का बाड़ लगाने वाले किसानों एवं अवैध शिकार के लिए जंगल में करंट का फंदा लगाने वाले ग्रामीण के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई करती रही। इसके परिणाम निकला कि एक साल तक इस तरह की कोई घटना सामने नहीं आई। अब फिर से ग्रामीण वन्य जीवों के शिकार एवं फसल की सुरक्षा के लिए धड़ल्ले से करंट का उपयोग कर रहे हैं। विद्युत वितरण कंपनी एवं वन अमले के आपसी समन्वय की कमी एवं अवैध हुकिंग के विरूद्ध कार्रवाई नहीं होने के कारण फिर से इस तरह की गतिविधियां बढ़ गई है।


फाइल फोटो

**हो चुकी है आधा दर्जन से अधिक मौतें**

वन्य जीवों के शिकार एवं हाथियों से फसल की सुरक्षा के लिए जंगल किनारे लगाए गए करंट के फंदे की चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। फसल की सुरक्षा के लिए लगाए गए करंट की चपेट में आने से एक दर्जन से अधिक हाथी एवं अन्य वन्य जीवों की भी मौत हुई है। वन अधिकारियों की सक्रियता से एक साल तक इस तरह की कोई घटना सामने नहीं आई। एक सप्ताह पूर्व वनपरिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत परसागुड़ी करमीडांड़ जंगल में जंगली सुअर के शिकार के लिए लगाए गए करंट के फंदा की चपेट में आने से नवकी आमाडांड़ निवासी एक ग्रामीण की मौत हो गई थी, वहीं बुधवार को तड़के खेत में लगाए गए करंट की चपेट में आने से एक हाथी की मौत हुई थी। पड़ोसी जिलों में भी इस तरह की कई घटनाएं घटित हो चुकी है।

**नियमित समीक्षा जरूरी**

वन अधिकारी भी ग्रामीणों की इस प्रवृत्ति को बेहद खतरनाक मान रहे हैं तथा इसकी रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत बता रहे हैं। वनकर्मी हाथियों की मॉनिटरिंग के दौरान अवैध हुकिंग पर नजर रखते। ग्रामीण भी वन अमले की मौजूदगी में हुकिंग हाथियों की निगरानी से थके-हारे वन अमले की समस्याओं को जानने की कोशिश नहीं करते। क्षेत्रवार समस्याओं का निराकरण करने की कमी विभागीय पहल नहीं होती, जिससे मैदानी अमला बिना उत्साह अपनी जिम्मेदारियां पूरी कर रहा है। मैदानी अमले एवं क्षेत्रवार समस्याओं का चिन्हांकन कर उनके निराकरण की भी जरूरत है।

**की जाएगी समीक्षा**

वन अधिकारियों को हाथी प्रभावित क्षेत्रों में अवैध हुकिंग पर नजर रखने एवं ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत अधिकारियों से क्षेत्रवार ट्यूबवेल कनेक्शन की सूची मांगी गई है। जल्द ही वन मंडल स्तर पर बैठक कर इसकी समीक्षा की जाएगी।

-केआर बढ़ई
सीएफ वाइल्ड लाइफ सरगुजा



# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक संकल्पित हों : मनोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/रामानुजनगर

विकासखंड रामानुजनगर शिक्षा विभाग में शिक्षक अनुकरणीय पहल कर रहे हैं। रामानुजनगर के दूरस्थ ग्रामीण अंचल के विद्यालय प्राथमिक शाला राजापुर के प्रधान पाठक धनसिह मरावी ने एक कार्यक्रम आयोजित करके अपने प्राथमिक शाला में दर्ज सभी 60 बच्चों को अपने वेतन से सत्रह हजार चार सौ रुपए मूल्य का स्वेटर प्रदान कर उदाहरण पेश किया है। प्रधान पाठक के इस पुनीत कार्य की प्रशंसा करते हुए मुख्य अतिथि सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार साहू ने कहा कि अगले मई में सेवानिवृत होने वाले प्रधान पाठक द्वारा ठंड में गरीब बच्चो को स्वेटर गिफ्ट करना, उनके इस कार्य की शब्दो में व्याख्या नहीं हो सकती। एबीईओ ने बताया कि माध्यमिक शाला तीवरागुड़ी की शिक्षिका ममता वर्मा ने गत माह में स्वयं के वेतन से विद्यालय में पढ़ने वाले 130 छात्रों को लगभग 42 हजार की लागत से टी-शर्ट का निशुल्क वितरण किया। रामानुजनगर के ही प्राथमिक शाला भैसामुडा की प्रधान पाठक श्रीमती उमापति साहू ने 35 छात्रों को स्वयं के वेतन से स्कूल बैग प्रदान किया। प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला जगतपुर के प्रधान पाठक हेमलता चंद्रा एवं विजय कश्यप ने अपने सहयोगी शिक्षकों के मदद से दोनों स्कूलों के 146 बच्चों को टाई बेल्ट प्रदान किया। श्री साहू ने कहा सभी शिक्षक इन उदाहरणों से प्रेरणा लेकर अपना बेस्ट से बेस्ट छात्रों को दें तो निश्चित रूप से छात्रों का सर्वांगीण विकास होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकुल प्राचार्य डॉ. कुसुम सिंह परस्ते ने कहा शिक्षक अपनी चिंतन को बाल केंद्रित करें तो निश्चित रूप से इसका परिणाम सुखद मिलेगा। परशुरामपुर के संकुल प्राचार्य चंद्रविजय सिंह ने कहा कि प्रधान पाठक का कार्य हमारे सकारात्मक चिंतन को एक कदम आगे बढ़ता है। निश्चित रूप से इस प्रकार के अच्छे कामों से छात्रहित के कार्य के साथ साथ शिक्षको की भी गरिमा बढ़ती है। इस दौरान प्रधान पाठक रामनारायण सिंह, व्याख्याता एस कुमार, शिक्षक खिलेश्वर जखेल, शिक्षक सोहन सिंह, भैया लाल रजवाड़े, अनुपमा बारीक, गीता सिंह, वंशधारी सिंह, हरिनंदन सिंह, विजेंद्र सिंह सहित ग्रामीण व पालक उपस्थित थे।



# सरपंच ने गांव के बुजुर्गों को साल-श्रीफल देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

ग्राम पंचायत गुमगरा कला के सरपंच ने बुजुर्गों का सम्मान कर लोगों को अनोखा संदेश दिया है। वर्तमान में कई ऐसे लोग हैं जो अपने बुजुर्गों का सम्मान न कर उनकी देख-रेख करने से कतराते हैं तथा उन्हें वृद्धाश्रम भेज देते हैं। बुजुर्गों का सदैव सम्मान करने का संदेश देते सरपंच लोकनाथ उर्रे ने नई शुरूआत की है। उन्होंने गांव के 60 साल से अधिकतम उम्र के सम्मान में सियान सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें साल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस संबंध में बुजुर्गों ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र सहित पूरे जिले भर में कभी बुजुर्गों का सामान कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया था। सरपंच ने सराहनीय प्रयास कर उपहार देने, उनका सम्मान करने एवं उनकी बातों को मानने के लिए प्रेरित होंगे। सरपंच ने गांव की मितानिनों को भी साड़ी एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुरारी लाल, मुंशी कुशवाहा, कपूर साहू, ज्ञान प्रसाद यादव, रमेश साहू, सुनील मरकाम, पीला पोर्ते, गौरी मरावी, कपिलदेव, राजेंद्र गढ़ेवाल, सचिव बिगन राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# आजाद सेवा संघ ने बाइकर्स पर कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस द्वारा शहर में शांति व्यवस्था बनाए जा रहा है। परंतु पिछले कुछ दिनों से कुछ असामाजिक लोगों द्वारा खास कर बाइकर्स द्वारा स्टंट करने तथा लोगों को हो रही परेशानी को लेकर आजाद सेवा संघ ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि मुख्य रूप से शैक्षिक संस्थानों के आसपास जहां युवाओं द्वारा बाइक से स्टंट किया जाता है। वहीं मैदान में तेज रफ्तार से गाड़ियों को चलाया जाता है जिससे वहां आवागमन करने वाले छात्र-छात्राएं काफी परेशान व असुरक्षित महसूस करते हैं जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि संभाग का सबसे बड़ा महाविद्यालय शहर में स्थित पीजी कॉलेज जिसका मैदान काफी बड़ा है कुछ बाइकर्स द्वारा वाहन अनियंत्रित गति से गाड़ियों को चलाया जाता है एवं ड्रिफ्ट कर स्टंट किया जाता है। अध्ययन करने आए छात्र-छात्राएं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं कई मोहल्लों में भी देर-रात कुछ बाइकर्स द्वारा तेज रफ्तार गली बाइक में चलाया जाता है जिससे कि लोगों की रातों की नींद खराब होती है एवं दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। पीजी कॉलेज मैदान में ही शाम होते ही असामाजिक तत्वों का आवागमन भी शुरू हो जाता है जहां हॉकी मैदान में कुछ लोगों द्वारा नशीली पदार्थ का सेवन किया जाता है। शाम को टहलने आने वाले लोगों को काफी दिक्कत होती है। संघ के पदाधिकारियों ने असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश सचिव रचित मिश्रा एवं संघ छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के अतुल गुप्ता, विकास यादव, पंकज सहित अन्य उपस्थित थे।



# डवानी में ग्रामीण के घर हुए लूटपाट मामले में 24 घण्टे बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत जुडवानी गवटियापारा में गत दिनों हथियारबंद नकाबपोश युवकों द्वारा किए गए लूटपाट मामले में 24 घण्टे बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लग सकी है। पुलिस द्वारा मामले में आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जुडवानी गवटियापारा निवासी प्रार्थी दिगंबर सिंह पिता अजीत सिंह के घर में गतदिनों चार नकाबपोश हथियारबंद लोग प्रवेश करके लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में पुलिस द्वारा बुधवार को हुई घटना के दूसरे दिन भी आरोपियों का सुराग लगाने काफी प्रयास किया गया लेकिन अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लग सकी है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्रवासियों द्वारा घटना में आसपास के ग्रामीणों के शामिल होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। हालांकि पुलिस द्वारा जांच पूर्ण होने के उपरांत ही वस्तुस्थिति स्पष्ट करने की बात कही जा रही है। जुडवानी गांव में घटित लूटपाट की घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

- अब तक नहीं लग पाया कोई ठोस सुराग

# राजीव गांधी पीजी कॉलेज में ईको क्लब के लोगो का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

गांव के विकास में सड़क, बिजली व पेयजल सुविधा हो तो गांव का विकास संभव है परंतु गांव में सड़क, बिजली व पेयजल की सुविधा न तो गांव का विकास असंभव है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत कुंवरपुर की है जहां विभाग द्वारा गांव में बिजली की सुविधा के लिए तो विद्युत पोल लगा दिए परंतु आज तक गांव में बिजली की सुविधा हो इसके लिए लिए विद्युत तार लगाना भूल गए। आलम यह है कि गांव के लोग बिजली सप्लाई के लिए बांस के खंभे के सहारे विद्युत की सुविधा लेने को मजबूर है। ऐसे में गांव में लगाए गए विद्युत पोल सिर्फ शो पीस बनकर रह गई है।

विकासखंड लखनपुर के ग्राम पंचायत कुंवरपुर में कांग्रेस के शासन में तीन से चार साल पहले बिजली के खंभे के साथ वायर कनेक्शन जोड़ा जा रहा था। कहीं-कहीं पास के खंभे में कनेक्शन तो लगाया गया और कई जगह के खंभे में कनेक्शन वायर तार लगाना ही भूल ही गए है। गांव में बिजली की सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए विभाग के कर्मचारी बिजली खंभे तो लगा दिया । गांव में विद्युत पोल लगाने से ग्रामीण को गांव में बिजली की सुविधा उपलब्ध हो जाने की आस जगी परंतु तीन से चार साल बीतने के बाद भी गांव में लगाए गए लगभग 20–25 खंभे में तार लगाना भूल गए। ऐसे में ग्रामीण की आस निराशा में बदल गई गई। आलम यह है कि गांव के लगभग पचास घरों के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वैसे गांव के लोग किसी तरह व्यवस्था बनाकर 100–150मीटर पुराने खंभे व बांस के खंभा लगाकर बिजली का व्यवस्था कर रहे हैं। परंतु दूर दराज के लोगों को आज तक बिजली कनेक्शन नहीं मिलने से लोग अंधेरे में रहने को मजबूर है। ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियों व विभाग से नहीं की परंतु विद्युत विभाग के कर्मचारी तीन से चार साल बीतने के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे है।

# धान खरीदी में लापरवाही पर होगी कार्रवाई एसडीएम ने ली केंद्र प्रभारियों की बैठक

**सीतापुर।** समितियों में अब धान खरीदी की प्रक्रिया में अब तेजी आई है। किसान अपना धान लेकर समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए समितियों में पहुंच रहे है। ऐसे में समितियों में किसानों को व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के साथ ही कोचियों के अवैध धान पर रोक लगाने को लेकर एसडीएम रवि राही ने धान खरीदी केंद्रों के प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। एसडीएम ने धान खरीदी केंद्र प्रभारियों को बारदाना, धान तौलने हेतु हमाल व्यवस्था, रकबा संशोधन खाद बीज उपलब्धता व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसका खरीदी केंद्र पर सभी प्रभारी विशेष ध्यान रखेंगे। इसके अलावा किसानों की आड़ में कोचियों और दलालों का धान समिति में न खरीदा जाए। ऐसा करते पाए जाने पर धान खरीदी केंद्र प्रभारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नायब तहसीलदार रामसेवक पैंकरा समेत सीतापुर मैनपाट बतौली के समस्त धान खरीदी केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।



### बादलों की आवाजाही के बीच रात का पारा पहुंचा 8 डिग्री के नीचे

**अम्बिकापुर।** पछुआ विक्षोभ की सक्रियता के बावजूद ठंड से राहत नहीं मिल रही है। ऊपरी आसमान पर बादलों की आवाजाही के बीच कड़ाके की ठंड पड़ रही है। गुरूवार को रात का तापमान 8.0 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। मौसम अधिकारी आगामी तीन-चार दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहने एवं शुक्रवार को तापमान में आंशिक बदलाव आने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। गुरूवार का दिन सीजन का सर्वाधिक ठंडा दिवस रहा। पिछले तीन दिनों से पहुआ विक्षोभ के प्रभाव से ऊपरी आसमान पर हल्के बादलों की आवाजाही जारी है। विक्षोभ की सक्रियता के बावजूद उत्तर की ठंडी हवाओं की रफ्तार में कमी नहीं आई है। सोमवार को बादलों की आवाजाही बढ़ने पर रात के तापमान में 0.9 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 9.0 डिग्री के निकट पहुंच गया था लेकिन उत्तर की ठंडी हवाओं के प्रभाव से पिछले दो दिनों से लगातार न्यूनतम तापमान में गिरावट हो रही है। मौसम द्वारा गुरूवार को दिन का तापमान 21.1 डिग्री वहीं रात का तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि ऊपरी आसमान पर सक्रिय बादल पूर्वोत्तर की ओर अग्रसर है। विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर छत्तीसगढ़ के मौसम में तापमान में विशेष बदलाव होने की संभावना नहीं है। उन्होंने विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को तापमान में आंशिक वृद्धि होने की संभावना जताई है। उत्तर की ठंडी हवाओं के प्रभाव से रात का तापमान सामान्य से 2.0 डिग्री नीचे पहुंच गया है।

# खबर प्रकाशन के बाद सेदम समिति में पहुंचा खाद-बीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

खबर का असर


सेदम समिति में खाद बीज की किल्लत को होने तथा सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो एवं कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सेदम में खाद बीज की कमी को लेकर मामला संज्ञान में आते ही त्वरित निराकरण करते हुए देर शाम समिति सेदम में गेहूं उपलब्ध कराया गया है और 2 दिन के अंदर रासायनिक खाद उपलब्ध करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस संबंध में विधायक रामकुमार टोप्पो एवं जिला कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में एसडीएम सीतापुर रवि राही द्वारा सीतापुर विधानसभा अंतर्गत संचालित समस्त आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रबंधक एवं खाद्य निरीक्षक का तत्काल बैठक आयोजित किया गया। बैठक में एसडीएम रवि राही द्वारा समस्त समिति प्रबंधक सहित खाद्य निरीक्षकों को समिति में खाद बीज की उपलब्धता हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के किसानों को किसी भी प्रकार की धान खरीदी से लेकर खाद बीज हेतु समस्या उत्पन्न ना हो इस संबंध में दिशा निर्देश दिया गया है। एसडीएम द्वारा समिति प्रबंधकों के साथ धान खरीदी केंद्र में बारदाना, तौल, हमाल व्यवस्था, रकबा संशोधन, खाद बीज की उपलब्धता की समीक्षा की गई। एसडीएम रवि राही द्वारा विधानसभा के समस्त आदिम जाति सभा सहकारी समिति में खाद बीज के साथ ही धान खरीदी के संबंध में क्षेत्र के किसानों को बाररदाना, हमाल, तौलाई, जीरो रकबा, बारिश से धान का बचाव, टोकन सिस्टम हेतु निर्देशित किया। साथ ही बिचौलियों पर करवाई और धान लेकर आए किसानों के साथ असुविधा न हो इस संबंध में कड़ा निर्देश दिया गया है। कार्य में लापरवाही बरते जाने पर समिति प्रबंधक सहित खाद निरीक्षकों पर कार्रवाई की बात कही गई है। सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो द्वारा खाद बीज की कमी की जानकारी होने पर अधिकारियों के साथ तत्काल मोबाइल के माध्यम से जायजा लिया गया और खाद बीज के कमी के साथ ही धान खरीदी केंद्र में सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के किसानों को तत्काल सुविधा उपलब्ध करने हेतु निर्देशित किया गया।



# विद्युत पोल लगाकर विभाग भूला तार लगाना

**अम्बिकापुर।** प्रकृति के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने तथा पारिस्थितिकी समस्याओं के समाधान के लिए काम करने के लिए राजीव गांधी पीजी कॉलेज में गठित ईको क्लब की कार्यशाला विभिन्न विभागों के 200 स्नातकोत्तर छात्रों को ईको क्लब की सदस्यता प्रदान कर ईको क्लब के लोगो का विमोचन किया गया। प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप महाविद्यालय में ईको क्लब के गठनको एक रचनात्मक प्रयास बताया। क्लब का गठन होने ने सिर्फ महाविद्यालय परिसर बल्कि शहर के में भी स्थल चिन्हांकित कर कार्य योजना का क्रियान्वित किया जाएगा। कार्यशाला में महाविद्यालय के आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ. अनिल सिन्हा ने कहा कि ईको क्लब पारिस्थितिकी समस्याओं के प्रति जागरूकता लाने के साथ ईको फ्रेंडली कॉन्सेप्ट को क्रियान्वित करने करने की योजना होती है। क्लब में प्राकृतिक विज्ञान से जुड़े विषय वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं भूगोल के छात्रों की सक्रिय सहभागिता से इको क्लब की योजना बेहतर ढंग से संचालित होगी। विभागाध्यक्ष डॉ. आरके जायसवाल ने कहा कि पौधरोपण, स्वच्छता चेतना, सोखता गड्ढे का निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग, स्वास्थ्यप्रद आदतों की चेतना, कचरों का निपटान इत्यादि पर्यावरणीय कार्यक्रमों से इको क्लब का उद्देश्य पूरा होगा। क्लब की संयोजक दीपिका स्वर्णकार ने कहा कि जल मंडल, वायुमंडल, स्थल मंडल एवं जीव मंडल के संरक्षण के दृष्टिकोण से इको क्लब के सदस्यों को चार हाउसों में बांटा जाएगा तथा उन्हें प्रति माह की कार्य योजना प्रदान की जाएगी।





# रजनीकांत वेट्टैयन में अमिताभ के साथ आएंगे नजर...

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन, दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के साथ फिल्म वेट्टैयन में काम करते नजर आएंगे। हाल ही में रजनीकांत की अगली फिल्म थलाइवर 170 की घोषणा की गई है। फिल्म 'थलाइवर 170' को आखिरकार एक टाइटल मिल गया है। टीजे ग्नानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का नाम 'वेट्टैयन' रखा गया है। प्रोडक्शन बैनर लाइका प्रोडक्शंस ने टाइटल टीजर वीडियो में फिल्म के नाम का खुलासा किया है। फिल्म के टाइटल टीजर क्लिप में रजनीकांत स्टाइलिश रूप से काले धूप के चश्मे लगाए हुए दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं, जब शिकार जारी है, तो शिकार को गिरना ही चाहिए।

लाइफ Style



# आलिया

## मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार पाने कई को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण से लेकर आलिया भट्ट और कियारा आडवाणी तक ने मोस्ट पॉपुलर फीमेल स्टार्स की लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। पहली पोजिशन के लिए दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट में जोरदार फाइट देखने को मिली, लेकिन फाइनली आलिया भट्ट ने बाजी मार ली। वहीं दीपिका पादुकोण को टॉप 5 की लिस्ट में दूसरी पोजिशन मिली है।

ऑरमैक्स मीडिया द्वारा जारी की गई इस लिस्ट में कटरीना कैफ तीसरी, कियारा आडवाणी चौथी और आदिपुरुष, गणपत और शहजादा जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं एक्ट्रेस कृति सैनन को 5वीं पोजिशन मिली है। पिछले दिनों 'सत्यप्रेम की कथा' जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कियारा आडवाणी साल 2024 में 'वॉर-2' में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर अभी तक काफी बज बना हुआ है। सलमान खान के साथ हाल ही में टाइगर-3 जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कटरीना कैफ जल्द ही फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी।

पिछले दिनों 'सत्यप्रेम की कथा' जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कियारा आडवाणी साल 2024 में 'वॉर-2' में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर अभी तक काफी बज बना हुआ है। सलमान खान के साथ हाल ही में टाइगर-3 जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म दे चुकीं कटरीना कैफ जल्द ही फिल्म 'मैरी क्रिसमस' में विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला



# कुंग फू... में जैक की वापसी

**लॉस एंजिलस।** 'कुंग फू पांडा' के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है, क्योंकि 'कुंग फू पांडा 4' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर की सबसे खास बात यह है कि इस सीजन में जैक ब्लैक वापस आ गया है। दरअसल, जैक ब्लैक इस सीजन में फिर से पो की आवाज बनेंगे। 13 दिसंबर को यूनिवर्सल पिक्चर्स ने कुंग फू पांडा 4 का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया है। दो मिनट और 27 सेकंड के ट्रेलर को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार 'कुंग फू पांडा' और भी ज्यादा रोमांचक होगा।




# विन संग घर बसाना चाहती थीं दीपिका...

**लॉस एंजिलस।** दीपिका पादुकोण ने 2017 में विन डीजल के साथ फिल्म एक्स एक्स एक्स से हॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद दीपिका ने को-एक्टर विन डीजल के साथ शादी करने और घर बसाने से जुड़ा एक स्टेटमेंट दिया था, जिसके चलते उन्हें ट्रोल होना पड़ा था। दीपिका इस शो पर गेस्ट बनकर पहुंची थीं और यहां होस्ट ने दीपिका को उनकी और विन की एक कोजी फोटो दिखाकर पूछा था कि क्या उनके बीच कुछ चल रहा है? इसके जवाब में दीपिका ने कहा था 'बिना आग के धुआं नहीं होता है लेकिन यह सब मेरे दिमाग में है...मैं दिमाग में सोचती हूं कि मैं और विन साथ हैं। हम साथ में रहते हैं...हमारी शानदार केमिस्ट्री है और अमेजिंग बेबीज हैं...लेकिन यह सब मेरे दिमाग में है। बता दें कि दीपिका पादुकोण ने उसी साल नवंबर में 'कॉफी विद करण' में आईं।



# गाना रिलीज, पटना की लड़की है, देखा क्या

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का गाना पटना की लडक़ी है रिलीज हो गया है। पटना की लडक़ी है गाने में अक्षरा सिंह एक्शन करती नज़र आई है। यह गाना अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाना पटना की लडक़ी है को अक्षरा सिंह ने गाया है और इसके गीतकार ऋषि ग्वाला हैं, जबकि संगीतकार आशीष वर्मा हैं। गाना पटना की लड़की है के डीओपी पंकज सोनी हैं। निर्देशक रामदेवन हैं। फाइट मास्टर प्रदीप खड़का हैं। संपादक आर. निंजा और डीआई रोहित सिंह हैं। यह गाना लड़कियों के लिए प्रेरणा है : अक्षरा गाना पटना की लड़की है को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि यह गाना लड़कियों के लिए प्रेरणा है। एक कांसेप्ट के साथ यह गाना बेहद खास बना है।



# फिर शुरू हुई अक्षय की फिल्म की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग शुरू हो गई है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज से पहले हाल ही में मेकर्स को लेकर काफी विवाद भी हुआ है, जिसके चलते 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग बीच में ही रोक दी गई थी। लेकिन अब इस फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है। अक्षय कुमार ने इसका एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह फिल्म की अन्य स्टार कास्ट भी नजर आ रही है। इस फिल्म के एक वीडियो में अक्षय कुमार के साथ लारा दत्ता, अरसद वारसी, दिशा पाटनी और फिल्म के अन्य कलाकार भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में लारा शूटिंग के दौरान अक्षय और अरसद पर कोड़े बरसाती हुई नजर आ रही हैं।

टीवी मसाला

# सबसे ज्यादा फीस लेती हैं टीवी की ये अभिनेत्रियां...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के साथ टीवी की भी कुछ ऐसी ही अभिनेत्रियां है जो अपनी एक्टिंग के कारण काफी ज्यादा फीस लेती हैं। यहीं कारण है कि वह हमेशा लाइमलाइट में भी बनी रहती हैं। एक एपिसोड के लाखों रुपये चार्ज करने वाली इन टीवी की एक्ट्रेस को किसी पहचान की जरूरत नहीं हैं। इन टीवी की अभिनेत्रियों की कुल नेटवर्थ करोड़ों रुपए है।



**हिना खान** : इस लिस्ट में सबसे पहला नाम हिना खान का आता है। हिना खान आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। वह टीवी सीरियल में नजर आ चुकी हैं। हालांकि अब वह फिल्मों में और वेब सीरीज में ज्यादा एक्टिंव रहती हैं। उन्हें 'ये रिश्ता क्या कहलाता' है शो में देखा गया था। हिना एक एपिसोड के लिए 1 लाख से 1.25 लाख रुपये चार्ज करती थीं। इस दौरान भी वह हफ्ते का 8 लाख रुपये चार्ज करती थी। कुल नेटवर्थ की बात करें तो वह 52 करोड़ रुपये मालकिन है।



**रूपाली गांगुली** : रूपाली गांगुली को कौन नहीं जानता होगा। अपने दमदार अभिनय के लिए मशहूर रूपाली गांगुली को हर घर की महिलाएं जानती हैं। शो 'अनुपमा' के जरिए वह हर महीने लाखों रुपये की कमाई करती हैं। वह एक एपिसोड के 3 लाख रुपए लेती हैं। वहीं कुल संपत्ति की बात करें तो रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल संपत्ति 20 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह शो टीआरपी के मामले में हमेशा टॉप पर रहता है।



**अंकिता लोखंडे** : इन दिनों बिग बॉस हाउस में तहलका मचा रही अंकिता लोखंडे अब केवल टीवी की दुनिया में सीमित नहीं है। अभिनेत्री एक एपिसोड के करीब 1.25 लाख रुपये लेती थीं। वहीं वह बिग बॉस हाउस में भी सबसे अधिक फीस ले रही हैं। उनकी कुल नेटवर्थ की बात करें तो वह 23 करोड़ रुपये है।



**जेनिफर विंगेट** : टीवी की जानी मानी अदाकारा जेनिफर विंगेट भी किसी पहचान की मोहताज नहीं है। अपनी शांत अंदाज से लोगों के दिल में एक खास पहचान बनाने वाली जेनिफर विंगेट को लोगों ने काफी पसंद किया था। उन्हें बेपनाह से काफी लोकप्रियता मिली थी। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है। जेनिफर विंगेट की कुल संपत्ति की बात करें तो रिपोर्ट के अनुसार उनकी कुल संपत्ति 42 करोड़ रुपये है।

# राजकपूर की इन फिल्मों का विवादों से रहा नाता, फिर भी रहीं ब्लॉकबस्टर...

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में जब भी बेहतरीन एक्टिंग की बात होती है तो राज कपूर का नाम जरूर आता है। राज कपूर हिंदी सिनेमा के वो सितारे हैं जिनको एक्टिंग का भगवान कहा जाता है। राज कपूर भले ही इस दुनिया में न हो लेकिन आज भी उनकी कमी इंडस्ट्री को खलती है। राज कपूर की आज बर्थ एनिवर्सरी है, उनका जन्म 14 दिसंबर को हुआ था। अभिनेता ने अपने फिल्म के जरिए लोगों को काफी जागरुक किया है। उन्होंने समाज में चल रही हर दिक्कत पर फिल्म बनाई और लोगों को उसको प्रति जागरुक किया लेकिन इनकी कुछ फिल्में काफी विवादों में रहीं फिर भी उन फिल्मों ने बॉक्स आफिस पर जमकर धमाल किया।



### श्री 420 (1955)

फिल्म श्री 420 (1955) में राज कपूर ने एक अनाथ की भूमिका निभाई थी, जो अपने सपने को हकीकत में बदलने के लिए बॉम्बे (अब मुंबई) पहुंचता है। इस फिल्म का गाना 'मेरा जूता है जापानी' जो आज भी लोग सुनना पसंद करते हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा बिजनेस किया था।

### वर्ष 1948 में आई फिल्म आग

साल 1948 में आई फिल्म आग जिसमें राज कपूर निर्माता और निर्देशक के रूप में दिखाई दिए थे। इस फिल्म में नरगिस एक्ट्रेस के रूप में दिखाई दी थी, जो कि दोनों की साथ की पहली फिल्म थी। इस फिल्म में बाहरी सुंदरता से ज्यादा आंतरिक सुंदरता के महत्व को बताया गया है। खास बात यह है कि इस फिल्म में राज के सबसे छोटे भाई शशि कपूर भी दिखाई दिए थे। फिल्म में शशि ने यंग 'केवल' की भूमिका निभाई थी।

### भारत सहित रूस में भी लोकप्रिय रही आवारा

साल 1951 में आई फिल्म आवारा का निर्माण, निर्देशन राज कपूर ने ही किया था। अभिनेता ने इस फिल्म में एक्टिंग भी की थी जो कि सुपरहिट रही थी। फिल्म में नरगिस भी मुख्य भूमिका में नजर आईं थी। फिल्म को लोगों ने काफी प्यार दिया और इस फिल्म की लोकप्रियता सिर्फ भारत नहीं बल्कि रूस में भी देखने को मिली थी।

# बिग बी शामिल होंगे निर्माता आनंद पंडित के 60वें जन्मदिन समारोह में



**मुंबई।** 2023 फिल्म व्यवसाय के लिए मिश्रित सौगातें लेकर आया लेकिन निर्माता आनंद पंडित वर्ष की समाप्ति साल की सबसे बड़ी पार्टी के साथ करेंगे। अपने 60वें जन्मदिन और अपनी सफल रियल एस्टेट कंपनी लोटस डेवलपर्स के 20 साल पूरे होने पर आनंद पंडित साल के सबसे बड़े जश्न का आयोजन कर रहे हैं। झिलमिलाते सितारों की महफ़िल का नेतृत्व करेंगे शाम के मुख्य अतिथि और मेगास्टार अमिताभ बच्चन। पंडित ने सोशल मीडिया पर उस पल की दिल छू लेने वाली एक झलक पोस्ट की, जब वह बिग बी को आमंत्रित करने के लिए उनके घर गए थे।

## किसी के घर में इस साल शहनाइयां बजीं, तो किसी के घर में आए नए मेहमान

# साल 2023 इन सेलिब्रिटियों के लिए रहा बेहद लकी, घर में गूंजी किलकारियां

*मुंबई। साल 2023 खत्म होने में ज्यादा वक्त नहीं है। आम लोगों के साथ-साथ साल 2023 फिल्मी सितारों से लेकर दूसरे लोगों के लिए भी बेहद अच्छा रहा है। इस साल बहुत से सेलिब्रिटियों ने घर बसाया तो बहुत से घरों में किलकारियां गूंजी है। साल खत्म होने को है, चलिए जान लेते हैं उन सेलिब्रिटियों के बारे में, जो इस साल फैंस को गुड-न्यूज दिए हैं और जिनकी घर में बच्चे के आने की खुशियां सेलिब्रेट किया गया है।*

### सना खान

सना खान ने साल 2020 में मुफ्ती अनस सैयद से शादी की थी। शादी के बाद एक्ट्रेस सना खान ने इस साल 2023 में फैंस को बच्चे के आने की गुड-न्यूज दी है। अभिनेत्री सना खान मदरहुड को बेहद एन्जॉय कर रही हैं उन्होंने जून में बेटे को जन्म दिया है।

### राहुल वैद्यकर और दिशा परमार

सिंगर और बिग बॉस फेम राहुल वैद्यकर और बड़े अच्छे लगते हैं फेम दिशा परमार ने भी इस साल प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। कपल सितंबर में बेटी को जन्म दिया है। दोनों कपल अपनी बेटी को लेकर बेहद खुश हैं, सोशल मीडिया में लक्ष्मी आई है के साथ इन्होंने फैंस को खुशखबरी सुनाई है।

### रामचरण और उपासना कोंडिला



रामचरण और उपासना ने भी इस साल एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। साउथ के सुपरस्टार रामचरण तेज और अपोलो फाउंडेशन की चेयरपर्सन उपासना ने अपनी बेटी का नाम क्लिन कारा रखा है।

### शोएब और दीपिका कक्कड़



शोएब और बिग बॉस फेम दीपिका ने जनवरी में अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। बेहद खूबसूरत नोट के साथ कपल ने इंस्टाग्राम पर यह गुडन्यूज फैंस के साथ शेयर की थी। कपल ने एक बेटे को जन्म दिया है।

### श्लोका मेहता और आकाश अंबानी



अंबानी परिवार की लाडली बहू आए दिन सुर्खियों में बनी रहती हैं। कपल ने इस साल एक बार फिर गुड न्यूज सुनाई है। मई 2023 में आकाश अंबानी और श्लोका मेहता एक प्यारी बेटी को जन्म दिए हैं।

### वत्सल शेठ और इशिता दत्ता

वत्सल और इशिता ने साल 2017 में शादी की थी, शादी के पांच साल बाद कपल ने फैंस के साथ प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज सुनाई थी। कपल ने बेबी बॉय को जन्म दिया है। दोनों अपने बच्चे को लेकर बेहद खुश हैं और आए दिन बच्चों की तस्वीरें शेयर करते रहते हैं।

### फहाद और स्वरा भास्कर

फहाद और स्वरा भास्कर ने भी इस साल फैंस और फैमिली को गुड न्यूज़ दिया था। कपल ने जनवरी में शादी रचाई थी, जिसके बाद सितंबर में इन्होंने एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। कपल ने बेटी का नाम राबिया रखा है।

### रोशेल राव और कीथ सिकेरा

बिग बॉस एक्स कंटेस्टेंट रोशेल राव और कीथ सिकेरा ने भी इस साल प्रेग्नेंसी अनाउंस की थी। कपल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैटरनिटी फोटोशूट कर तस्वीरे शेयर की थी।

15- Dec -JASHPUR-BHOOMI-pg-4_Layout 1 12/15/2023 8:17 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### जर्जर पीपल के वृक्ष से खतरे का बना अंदेशा

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर के बस स्टैण्ड में स्थित वर्षो पुराना पीपल का वृक्ष अब धराशायी होने की कगार पर है और गंभीर खतरे का सबब बना हुआ है। इस पुराने वृक्ष की स्वतः टूटकर गिरती शाखे लोगों को चोटिल कर चुकी हैं साथ ही आवागमन में बाधा भी पैदा करती रही। पुराना पेड होने के कारण इसकी जडें आसपास के मकानों को क्षतिग्रस्त करने के साथ साथ वहां बने नाली को भी प्रभावित कर रहा है और इससे निजात दिलाने कई बार नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मी जडों को काट भी चुके हैं इसके बावजूद भी वह नाली को प्रभावित कर रहा है। इस तथ्य को लेकर समीपस्थ रहवासियों ने उक्त पेड को हटाने की मांग की है जिसमें नगर पंचायत के लोगों ने काट कर हटाने की नसिहत देते हुए अपनी सहमति जताई है।

### भूमि के मुआवजे की दावा आपत्ति 20 तक

**रायगढ़।** घरघोड़ा से डोंगामहुआ स्पर लाईन 0.28 किलोमीटर पूरक 42.812 हेक्टेयर छाल फीडर लाईन पूरक 1, 0.506 हेक्टेयर एवं खरसिया से कारीछापर 0.45 किलोमीटर पूरक. 0.376 ईस्ट रेल कारीडोर, जिला रायगढ़ के लिए भू अर्जन हेतु भारतीय रेल अधिनियम 1989 संशोधित की धारा 20 ई के अधीन अधिसूचना का प्रकाशन भारत के राजपत्र में 3 जुलाई को तथा स्थानीय समाचार पत्र में 15 जुलाई 2023 को किया गया है। उपरोक्त परियोजना से प्रभावित तहसील तमनार जिला रायगढ़ के ग्राम चितवाही, भालमुड़ा, रोडोपाली ढोलनारा, खम्हरिया, मिलूपारा, खर्रा एवं कटंगडीह की प्रभावित भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु कार्यालयीन आदेश 25 जुलाई के माध्यम से संयुक्त दल गठित किया गया था। संयुक्त दल द्वारा 4 दिसम्बर को प्रभावित भूमि एवं उस पर स्थित परिसंपत्तियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसकी प्रति संलग्न है तथा कार्यालयीन वेबसाइट में भी उपलब्ध है। यदि किसी प्रभावित व्यक्ति खातेदार को उपरोक्त मूल्यांकन पर कोई दावा आपत्ति हो तो 20 दिसम्बर तक कार्यालयीन समयावधि में अपर कलेक्टर रायगढ़ एवं सक्षम अधिकारी रेल परियोजना रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा.आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

### शपथ ग्रहण का पुसौर में लाइव प्रसारण

**पुसौर।** रायगढ़ लोकसभा के पूर्व सांसद विष्णुदेव साय ने 13 दिसंबर को राजधानी रायपुर में जैसे ही मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, पुसौर में इस समारोह का लाइव प्रसारण देख रहे लोग खुशी से झूम उठे। नगर पंचायत पुसौर में नगरवासी ही नहीं बल्कि क्षेत्र के लोगों ने आकर शपथ ग्रहण समारोह को टीवी पर देखा। इस समारोह को लेकर कुछ लोगों का मानना है कि जिस तरह चुनाव के समय प्रत्येक गांव से लोगों की भीड जुटाने वाहन सहित अन्य व्यवस्था होती रही है उसी तर्ज पर शपथ ग्रहण समारोह में भी होना था इसमें कम से कम सभी ग्रामों के बुथ अध्यक्षों को इसमें शामिल होना जरूरी समझा जा रहा है चूंकि इन्हीं के कारण ही आज प्रदेश में भाजपा के पक्ष में वोट का प्रतिशत बढा है। नगर पंचायत कार्यालय शपथ ग्रहण समारोह को दिखाने की व्यवस्था देने नगर अध्यक्ष रितेश थवाईत, नेता प्रतिपक्ष उमेश साव सहित कार्यालयीन स्टाफ प्रयासरत रहे।

### जरूरतमंद को भाजयुमो नेता ने किया रक्तदान

**रायगढ़।** भाजयुमो का सर्वप्रथम कार्य मानव धर्म करना बुजुर्गों की सेवा करना समस्त धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभाने एवं जैसे जैसे लोगों को ब्लड की आवश्यकता पड़ती है चाहे वह डेंगू रोग हो या सिकलिन या कोई और बिमारी भाजयुमो के सदस्य लगातार रक्तदान करने के लिए तत्पर रहते हैं पिछले 5 वर्षों में लगभग हजारों यूनिट भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने मानवता धर्म निभाते हुए रक्तदान किए हैं। भाजयुमो पुसौर मण्डल उपाध्यक्ष परेश गुप्ता लगातार इन कार्यों में हमेशा तत्पर रहते हैं। इसी क्रम में भाजयुमो श्रवण कुमार बारीक ने एक महिला को रक्तदान कर अपनी महानता का परिचय दिया।

आतिशबाजी की तैयारी किए बैठे ओपी समर्थकों में व्यग्रता

# नई सरकार में कैसे बढ़ेगा रायगढ़ का ओहदा, लोगों की ओपी से आस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लंबे इंतजार के बाद प्रदेश को नए मुख्यमंत्री मिल गए लेकिन लोगों की जुबां पर अब एक ही सवाल है कि नई भाजपा सरकार में रायगढ का ओहदा क्या बढ़ पाएगा। पूर्ववर्ती सरकार में जिले से कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। इस बार भी लोगों की उम्मीद नए मंत्रिमंडल में स्थान मिलने की उम्मीद लगी हुई है।

विधानसभा चुनाव में जिले में भाजपा केवल रायगढ विधानसभा सीट पर जीत दर्ज की है। विजयी प्रत्याशी ओपी चौधरी का नाम शुरु में डिप्टी सीएम की रेस में रहा। ओपी का यह दूसरा चुनाव था और स्वयं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हे सरकार में चौधरी बनाने का वादा किया था। वहीं ओपी चौधरी के चुनाव जीतने के बाद से ही समर्थक आतिशबाजी की तैयारी किए उनके मंत्री बनने की घोषणा की व्यग्रता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। यद्यपि मुख्यमंत्री समेत दो उप मुख्यमंत्रियों के नाम का एलान हो चुका है और ओपी डिप्टी सीएम की रेस से बाहर हो चुके हैं किंतु केबिनेट मे उनके स्थान मिलने की पक्की संभावना बताई जा रही है।

**लोकसभा चुनाव की छाया रहेगी मंत्रिमंडल पर**



प्रदेश में गठित होने वाले नए मंत्रिमंडल पर आगामी लोकसभा चुनाव की छाया रहना तय माना जा रहा है। इस कारण मंत्रिमंडल गठन में रायगढ जिले के जातीय समीकरण को साधते हुए मंत्री पद दिए जाने की उम्मीद है। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मंत्री बनाते समय जिले के जातीय संतुलन को साधने का प्रयास कर सकती है। इस लिहाज से रायगढ जिले को पूर्व की तरह मंत्री पद मिल सकता है। इसके अलावा सरकार के मंडल और आयोग के गठन मे भी जिले को जगह मिल सकती है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी के लिए आयुक्त ने सीएमओ को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शासन के निर्देशानुसर विकसीत भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकाय में होगा। कार्यक्रम की तैयारी शासन के गाइड लाइन अनुसार नगरीय निकाय के सभी सीएमओ सुनिश्चित करेंगे।

उक्त बातें निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बुधवार की शाम कार्यक्रम के संबंध में आयोजित वीडियों क्रांफ्रेसिंग में जिले के सभी नगरीय निकाय के सीएमओ को कही। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने बैठक में सबसे पहले कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू आयोजन के लिए सभी नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम स्थल का चयन और वहां टेंट विभिन्न विभागों की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान शासन के गाईड लाइन के अनुसार कार्यक्रम के दौरान सभी विभागों का स्टाल होगा, जहां गाइड लाइन के अनुसार केंद्र व राज्य शासन के विभिन्न योजना जैसे पीएम उज्जवला योजना, पीएम स्वनिधी योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप एवं स्टैंडअप योजना, पीएम बस योजना, अमृत मिशन योजना आदि के लिए हितग्राही आवेदन कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत श्रमदान से कार्यक्रम स्थल अन्य जगहों में सफाई करने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान कमिश्नर श्री चंद्रवंशी ने जिले सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को कार्य के गाइड लाइन का अक्षरशः पालन करने और कार्यक्रम निकाय क्षेत्र में बेहतर प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिले के सभी निकायों के सीएमओ स्वच्छ भारत मिशन प्रेरक प्रहलाद तिवारी, शहरी विकास अभिकरण लिपीक जीवर्धन चौहान उपस्थित थे।

# स्वच्छता अभियान के तहत पोरथ मंदिर परिसर की सफाई



**सारंगढ़।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के गावों में स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। बरमकेला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत पोरथ के शिव मंदिर परिसर में स्वच्छ भारत अभियान के तहत परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में सुबह साफ सफाई किया गया और लोगो को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाकर सफाई व्यवस्था के लिए प्रेरित किया गया। पोरथ धाम में स्थित शिव मंदिर परिसर का साफ सफाई और इसके धार्मिक और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में कई मतदाता जागरूकता और सफाई कार्यक्रम किया गया है।

इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के हर ग्राम पंचायत में हर सप्ताह के शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाकर गांव के लोगो को भी साफ सफाई के लिए प्रेरित कर पूरे जिले में सफाई अभियान चलाना हमारा मूल उद्देश्य है।

### झारखंड से धान लाते पकड़े गए चार वाहन

**बलरामपुर।** धान खरीदी के बीच पड़ोसी राज्यों से अवैध धान आने का सिलसिला भी जारी है। तस्कर अवैध रूप से धान खपाने के प्रयास में लगे हुए है लेकिन प्रशासन द्वारा गठित टीम उनके मंसूबों को नाकाम कर रही है। टीम द्वारा पुनः चार वाहनों से 210 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। धान को झारखंड से लाया जा रहा था और समितियों में खपाने की योजना थी। टीम द्वारा फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि धान खरीदी शुरू होने के साथ ही जिले में तस्कर व बिचौलिए भी सक्रिय हो गए है और अवैध रूप से धान खपाने का प्रयास कर रहे है। ऐसे में कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर निगरानी दलों, नोडल अधिकारियों व राजस्व अधिकारियों की टीम गठित की गई है ।

# चिरायु दल ने विद्यालय में किया विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ स्वास्थ्य परामर्श के साथ बांटी गई नि:शुल्क दवा

एनएसएस इकाई शास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तारापुर के स्वयंसेवकों की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग के चिरायु दल द्वारा दिनांक 14 दिसंबर को छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण कार्य किया गया एवं प्रशिक्षण उपरांत आवश्यकतानुसार छात्र छात्राओं को विशेषज्ञ डॉक्टर से इलाज हेतु परामर्श भी दिया गया लोईंग स्वास्थ्य केन्द्र चिरायु दल के डॉ. कृष्ण कमल चौधरी एएमओ डॉ. अनीता चंन्द्रा एएमओ के नेतृत्व में फार्मासिस्ट




श्वेता पटेल उप स्वास्थ्य केंद्र तारापुर के सीएचओ राकेश सिदार द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। चिरायु दल के प्रतिनिधि चिकित्सक डॉ कृष्णकमल चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के नियमित कार्यक्रम के तहत विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर छात्र छात्राओं को उनके स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुए शरीर में रक्त की स्थिति, कमजोरी, सिकल सेल एवं अन्य बीमारियों से संबंधित लक्षण मिलने पर उचित परामर्श तथा निःशुल्क दवा दिया जाता है इसी कड़ी में एनएसएस के कुशल व्यवस्थापन में आज तारापुर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं मिडिल स्कूल के ढाई सौ से अधिक छात्र छात्राओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें प्रभारी प्राचार्य भोजराम पटेल के सरंक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मंजू पटेल के निर्देशन में एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर किरण कुमार पटेल व्याख्याता श्रीमती चंद्रकांता सिदार ज्योति देवांगन, नीलम मालाकार, रीता चौहान, प्रधान पाठक कुमार साहू, सुधाबाला नायक, श्रीमती किरण पटेल, मनोज कुमार, सरिता पटेल, बड़े बाबु शंकर यादव इत्यादि शिक्षक. शिक्षिकाओं की भी सहयोगात्मक भागीदारी रही।




# एड्स जागरूकता लाने छात्र छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

एड्स दिवस पखवाड़ा 1 से 15 दिसंबर तक अन्तर्गत महाविद्यालय में छात्र छात्राओं द्वारा पोस्टर, स्लोगन एवं रैली निकाल कर एड्स संबंधी जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डॉ भंवर सिंह पोर्ते काल एमहाविद्यालय घरघोड़ा के रेड क्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ रासेयो प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुशील कुमार एक्का एवं जिला संगठक भोजराम पटेल के दिशा निर्देशानुसार एवं शासी निकाय समिति अध्यक्ष अरूण कुमार पंडा के संरक्षण तथा प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की के मार्गदर्शन से राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एस एल साहू के कुशल नेतृत्व में ग्राम चुहकीमार में एड्स जनजागरुकत रैली का आयोजन किया गया।रैली में कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा पोस्टर, फ्लैक्स में लिखे नारे, ड्रॉइंग के माध्यम एवं एड्स जागरूकता नारे लगाकर ग्रामीणों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। पोस्टर मेकिंग में सहा प्रा कु पदमिनी भोय, कु मोनिका लकड़ा एवं आकाश चौहान का विशेष मार्गदर्शन एवं योगदान रहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ से रेड क्रॉस प्रभारी सहा प्रा अजय कुमार मिश्र, सहा प्रा मयंक त्रिपाठी, अजीत किंडो, रामप्यारे सूर्यवंशी, सतीश खलखो, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती मानसी मिश्रा, श्रीमती बबिता साहू, दीपक सिंह ठाकुर एवं मोहित सिदार से साथ स्वयं सेवकों में बोध राम चौहान, लाल कुमार प्रधान, बजरंग, अनिल, भुनेश्वरी, रेशमा, ममता, सोनकुमारी, भोजमति, शांति, लक्ष्मण आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा प्रचार रथ की पुसौर में अगवानी

**पुसौर।** कृषि जिला मुख्यालय रायगढ से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी 2023-24 के बेहतर एवं सुगमता पूर्वक क्रियान्वयन कंपनी भारतीय कृषि बिमा कंपनी लिमिटेड के माध्यम से बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है जो बिते दिनांक को पुसौर पहुंचा जिसकी अगवानी पुसौर के कृषि विभाग प्रमुख आरके पटेल सहित अन्य आरईओ लोगों ने किया।

इस रथ के आने की सूचना सभी कृषकों को किया गया था जो ठीक मौके पर आकर कृषकों ने इसे देखा। आए हुए उक्त कृषकों के बीच शिविर लगाकर इस तथ्य को उक्त संबंध में अवगत कराया गया। जानकारी के मुताबिक ग्राम छिछोर उमरिया, पडिगांव, लोहरसिंह, बाघाडोला, पुसौर सहित आसपास के अन्य ग्राम के किसान गण मौजुद रहे जिन्होंने फसल बीमा के बारे में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रोहित पटेल से सीधा संवाद किया जिसमें उन्होंने अनिवार्य दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में आरईओ में मनीषा राठौर, सोभित केरकेट्टा दाशरथी सिदार, बीटीएम शैल पाण्डेय, एटीएम अनुसुईया साव सहित अन्य सहकर्मी मौजूद रहे।



बीमा रथ के अगुवानी के लिए मौजूद कृषि विभाग के अधिकारी।



# कन्या शाला में मनाया गया राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला घरघोड़ा में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर छात्राओं के मध्य पोस्टर प्रतियोगिता एवं ऊर्जा संरक्षण पर चर्चा परिचर्चा का आयोजन किया गया।

जिसमें छात्राओं ने प्राकृतिक एवं कृत्रिम उर्जा को संरक्षित रखने एवं उसका सदुपयोग करने के दृष्टिकोण से शिक्षकों के साथ परिचर्चा में भाग लिया। जिसमें इस दिशा में अपनी जिम्मेदारी तय करते हुए ऊर्जा को सुरक्षित संरक्षित रखने की बात कही। प्रकृति में ऊर्जा के सीमित भंडार को बढ़ते विकास एवं बढ़ते आवश्यकताओं के मध्य ऊर्जा के महत्व को समझते हुए इनको संरक्षित किया जाना आज की आवश्यकता बन पड़ी है। पोस्टर एवं अन्य प्रतियोगिता में। सहभागिता निभाने वाले प्रतिभागी छात्राओं को संस्था के प्रधानपाठक अखिलेश मिश्रा प्राचार्य हरीश चंद्र बेहरा ने प्रोत्साहित करते हुए ऊर्जा संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। ऊर्जा सरंक्षण दिवस में प्रतिभागी छात्राओं को सुभाशिनी पटनायक ज्योति निवेदिता सिंह अंजू भगत ने कहा की ऊर्जा सरंक्षण से तात्पर्य ऊर्जा का कम से कम दैनिक जीवन में उपयोग करना बताया।

### चक्रधर नगर में की गई साफ-सफाई

**रायगढ़।** नगरीय निकाय द्वारा चलाए जा रहे विशेष सफाई अभियान के तहत रायगढ़ निगम क्षेत्र के अलग अलग स्थान पर सात दिवसीय विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सुबह 9 बजे से चक्रधर नगर चौक में सफाई कार्य किया गया एवं राजा चक्रधर सिंह जी के प्रतिमा को भी धुलाई किया गया। चक्रधर नगर चौक जगह जगह पड़े हुए कचरे को भी उठाया गया। चक्रधर नगर चौक के अलावा टीवी टावर रोड़ में बने डिवाइडर की सफाई एवं पेड़ो का छटिंग कार्य किया गया।

### नई चेतना जेंडर अभियान 2.0 का हो रहा आयोजन

**रायगढ़।** लिंग आधारित भेदभाव, घरेलू हिंसा पर ग्रामीण परिवारों में समझ विकसित करने के लिए भारत सरकार के द्वारा राष्ट्रीय अभियान नई चेतना जेंण्डर अभियान 2.0 प्रारंभ किया गया है। 25 नवम्बर 2023 से इस कार्यक्रम की शुरूवात की गई है। एनआरएलएम राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत नई चेतना जेण्डर अभियान 2.0 के क्रियान्वयन छग राज्यों में 04 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक किया जा रहा है।

# रायगढ़ एवं सारंगढ़ जिले के 606 विद्यालयों में सर्वे

**बरमकेला।** परख द्वारा राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण कराया गया यह सर्वे मूलभूत, प्रारंभिक और मध्य चरणों के अंत में दक्षताओं के विकास में आधारभूत प्रदर्शन को समझने के लिए आयोजित किया गया 13 दिसंबर को आयोजित राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण का सफल समापन, यह सर्वे ब्लॉक स्तर पर ग्रेड 3, 6 और 9 के छात्रों के बीच शैक्षिक दक्षताओं के मूल्यांकन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस व्यापक सर्वेक्षण में रायगढ़ एव इससे अलग होकर बने नवीन जिले सारंगढ़ बिलाईगढ़ के शासकीय, प्राइवेट, अर्धशासकीय, अनुदान प्राप्त समस्त प्रकार के विभिन्न शालाओं के छात्रों को शामिल किया गया। इसमें शिक्षक और डाइट के प्रशिक्षार्थियों और क्षेत्रीय जांचकर्ता की तैनाती फिल्ड इन्विजिलेटर के रूप मे हुई थी। इस सर्वे मे रायगढ़ जिले के कुल 418 विद्यालय के 11725 बच्चों का और सारंगढ़ जिले से 188 विद्यालय के 5274 बच्चों का सर्वे किया गया जिसके लिए 606 फिल्ड इन्विजिलेटर को रखा गया था। इस सर्वेक्षण का प्राथमिक उद्देश्य भाषा और गणित पर प्राथमिक ध्यान देने के साथ प्रत्येक शैक्षिक चरण के अंत में, यानी बुनियादी, प्रारंभिक और मध्य में छात्रों की सीखने की दक्षता का आकलन करना है। छात्रों की दक्षताओं का आकलन करने के लिए उपकरण वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का उपयोग करके डिजाइन किए गए थे, जबकि मूल्यांकन पद्धति ने डेटा कैप्चर और विश्लेषण के लिए ओएमआर तकनीक के साथ कागज-कलम-आधारित दृष्टिकोण को नियोजित किया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बतौली जिला सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202310021300006/ब-121/2023-24
पक्षकार बेचू प्रति रोशन गुप्ता वगै., साकिन-टिरंग

**ईश्तहार प्रकाशन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बेचु प्रसाद गुप्ता आ. स्व. रामवृक्ष गुप्ता जाति तेली निवासी ग्राम वर्तमान कान्तिप्रकाशपुर अम्बिकापुर द्वारा ग्राम टीरंग तहसील बतौली स्थित भूमि कुल ख.नं. 23 कुल रकबा 6.944 हे. भूमि अनावेदकगण रोशन गुप्ता आ. नन्दलाल गुप्ता, नन्दलाल गुप्ता आ. स्व.रामवृक्ष गुप्ता, जाति तेली निवासी ग्राम दुर्गापारा बगीचा सामिलात खाते की भूमि दर्ज है। वादभूमि का आवेदक व अनावेदक के मध्य पूर्व में आपसी बटवारा होना बतलाकर वादभूमि में से ख.नं. 875 रकबा 1.327 हे. भूमि के 1/2 अंश में आवेदक की हिस्से की भूमि पर अनावेदक द्वारा जबरन फसल बोआई किये जाने से वर्तमान फसल कटाई किये जाने तक रोक लगाये जाने हेतु मय आवेदन बी-1, आधार कार्ड, थाने में लिखित सूचना की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण में अनावेदकगण की उपस्थिति आवश्यक है। पूर्व में अनावेदकगण को नोटिस तामिली कराया गया था किन्तु अनावेदकगण नियत पेशी तिथि में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

अतः दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार प्रकाशन का उद्देश्य अनावेदकगण को नियत पेशी तिथि 22.12.2023 की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जा रहा है। ईश्तहार प्रकाशन उपरान्त अनावेदकगण के उपस्थित नहीं होने से मौन स्वीकृति मानते हुए कार्यवाही की जावेगी।

**नायब तहसीलदार**
**बतौली, सरगुजा**

Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।



राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से



23 दिसंबर से 02 जनवरी 2024
सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/-
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।